तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 4 अक्टूबर 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

10 वन विभाग ने सरोना हाट बाजार में वन्य प्राणी सुरक्षा...



10 नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो का संदेश लेकर...





खबर संक्षेप

भुरके में सात से दिखेगा क्रिकेट का रोमांच

दुर्गूकोंदल। ग्राम भुरके कराकी में गोड़वाना फाइटर क्रिकेट क्लब द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का सीजन-02 आयोजित किया जा रहा है। चार दिवसीय प्रतियोगिता 7 से 10 अक्टूबर तक होगी। विजेता टीम को 20,001 रुपये व ट्रॉफी, उपविजेता को 15001, तृतीय को 10001 और चतुर्थ स्थान की टीम को 5,001 रुपये पुरस्कार मिलेगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में होगा, जबकि समापन समारोह में विधायक सावित्री मनोज मंडावी सहित अतिथि शामिल होंगे।

ग्रामीण ने जहर खाकर की आत्महत्या

कांकेर। बड़गांव थानांतर्गत चिखली निवासी 52 वर्षीय लाडुराम नेताम पिता टिगेल नेताम ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र ने पुलिस को बताया कि उसके पिता ने जहर खा लिया था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा दस हजार छात्र-छात्राओं ने दी



गायत्री परिवार इस परीक्षा को देशभर में 19 भाषाओं में आयोजित करता है

कांकेर। किताबों के ज्ञान से आगे बढ़कर संस्कार, सद्विचार और नैतिक मूल्यों से नई पीढ़ी को जोड़ने के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में जिले के विभिन्न शासकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थानों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। जिलेभर में आयोजित परीक्षा में 10 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भारतीय संस्कृति और जीवन-मूल्यों के प्रति अपनी रुचि दिखाई।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पिछले 22 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है। इसमें कक्षा पांचवीं से लेकर महाविद्यालयीन स्तर तक के विद्यार्थी शामिल होते हैं। परीक्षा का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान का परीक्षण करना नहीं, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति, महापुरुषों के जीवन आदर्श, नैतिक मूल्यों, कर्तव्यबोध और सकारात्मक जीवन-दृष्टि से परिचित कराना है। देशभर में यह परीक्षा 19 भाषाओं में आयोजित की जाती है। आयोजकों के अनुसार परीक्षा के बाद भी विद्यालयों में नैतिक शिक्षा, बाल एवं किशोर संस्कार शाला, व्यक्तित्व निर्माण, नशामुक्ति, तनाव प्रबंधन और सकारात्मक चिंतन जैसे विषयों शेष पेज 08 पर

आरोप : अधिष्ठाता, अस्पताल अधीक्षक और थाना में की शिकायत

सुरक्षा कर्मियों से 15 हजार मांगने का आरोप, नौकरी से हटाने की दी धमकी

इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों ने प्लेसमेंट कंपनी के प्रतिनिधि पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि कंपनी के ब्रांच संयोजक द्वारा एक बाहरी व्यक्ति के साथ उन्हें होटल में बुलाकर दो दिन के भीतर 15 हजार रुपए जमा करने के लिए कहा गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राशि जमा नहीं करने पर नौकरी से निकालने की धमकी दिए जाने का भी आरोप है। मामले को लेकर सुरक्षा कर्मियों ने अस्पताल अधीक्षक, अधिष्ठाता और कांकेर पुलिस थाना में शिकायत देकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।

प्लेसमेंट स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के उपाध्यक्ष सुभाष साहू ने मीडिया को बताया कि इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा कर्मियों को इनिविजन नामक प्लेसमेंट कंपनी को एल वन हुआ और अभी एग्रीमेंट नहीं हुआ है, परंतु इस कंपनी से अपने आपको ब्रांच संयोजक बताते हुए सुरेंद्र शेण्डे ने कांकेर शेष पेज 08 पर

वर्क आर्डर अभी तक नहीं मिला

उपाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों को नौकरी से हटाने की धमकी देकर उन पर आर्थिक दबाव बनाया जा रहा था। उन्होंने यह भी दावा किया कि संबंधित कंपनी को अभी तक वर्क ऑर्डर प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे में कंपनी के लोगों द्वारा कर्मचारियों को अपने स्तर पर बुलाने और उनसे राशि की मांग करने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

नियम विरुद्ध रकम की मांग से कर्मचारियों में बढ़ी नाराजगी



जानकारी देने से किया इंकार

शिकायत के अनुसार, जब सुरक्षा कर्मियों ने हॉटल में मौजूद कंपनी के कथित अधिकारियों से उनका नाम और पद पूछा तो उनमें से एक व्यक्ति ने अपना परिचय देने से इंकार कर दिया। इससे कर्मचारियों को संदेह हुआ और उन्होंने मामले की जानकारी अस्पताल प्रबंधन को दी। कर्मचारियों ने बिना पूर्व सूचना और अनुमति के उन्हें हॉटल में बुलाए जाने को लेकर भी आपत्ति दर्ज कराई है।

पुलिस से की कार्रवाई मांग

सुरक्षा कर्मियों की ओर से कांकेर पुलिस थाना में भी आवेदन देकर दोनों व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत की गई है। आवेदन में पूरे घटनाक्रम की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। कर्मचारियों ने कहा कि नौकरी जाने के डर से किसी भी कर्मचारी से जबरन या दबावपूर्वक राशि वसूल नहीं की जानी चाहिए।

ब्रांच संयोजक ने पैसा वसूलना स्वीकार किया

हरिभूमि ने इस मामले में ब्रांच संयोजक सुरेंद्र शेण्डे से इस मामले पर बात किया तो उसका कहना था मेरी कंपनी का नियम है कि उक्त राशि को जमा करवाने के बाद ही नौकरी में कंटीन्यू किया जाएगा। उससे संस्था के संचालक या डायरेक्टर के बारे में जानकारी चाही गई, परंतु उसके द्वारा किसी भी तरह की जानकारी नहीं दिया गया।

फुटू खोजने जाने पर विवाद

युवक पर बांस के डंडे से हमला



गाली-गलौज के बाद मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप

कांकेर। दुर्गूकोंदल थाना क्षेत्र के ग्राम भुसकी रोडपारा में फुटू खोजने जाने की बात को लेकर विवाद के बाद गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि विवाद के दौरान एक युवक के सिर पर बांस के डंडे से वार कर दिया गया, जिससे उसके सिर में चोट लगने के साथ खून निकलने लगा। घटना की शिकायत के आधार पर दुर्गूकोंदल पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार ग्राम भुसकी रोडपारा निवासी रोहित कुमार पुड़ो ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि 3 अक्टूबर की सुबह करीब साढ़े 8 बजे वह फुटू खोजने के लिए जा रहा था। इसी दौरान मुकेश कुमार गावड़े की दुकान के सामने गांव के रौनू राम नरेटी और मनेश पुड़ो मिले। शिकायतकर्ता ने दोनों से शराब पीकर घूमने के बजाय उसके साथ फुटू खोजने चलने की बात कही। आरोप है कि इसी बात को लेकर रौनूराम नरेटी नाराज हो गया और पास में रखा बांस का डंडा उठा लिया। इसके बाद शिकायतकर्ता के साथ गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर शेष पेज 08 पर



खबर संक्षेप



14 लीटर शराब जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

कांकेर। भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरहेली में गांधी जयंती के शुष्क दिवस पर अवैध शराब बिक्री के लिए घर में शराब छिपाकर रखने के आरोप में पुलिस ने 56 वर्षीय सामसाय यादव के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने तलाशी के दौरान 14 लीटर 190 एमएल शराब तथा बिक्री की 7 हजार 800 रुपये नकद राशि बरामद की। जब्त शराब व नकदी की कुल कीमत 15 हजार 750 रुपये बताई गई है।

गांधी जयंती पर सत्य, अहिंसा को अपनाने का लिया संकल्प



कोयलीबेड़ा। कांग्रेस पार्टी द्वारा कोयलीबेड़ा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों को याद किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने महात्मा गांधी के जीवन एवं स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधीजी ने सत्य और अहिंसा को अपना हथियार बनाकर देश को आजादी के आंदोलन में नई दिशा दी। उनके विचार आज भी समाज और राष्ट्र के लिए प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधीजी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्शों को केवल स्मरण करने के बजाय उन्हें अपने व्यवहार और जीवन में अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के संघर्ष, त्याग और देश के प्रति उनके समर्पण को याद किया। साथ ही समाज में आपसी प्रेम, शांति, सद्भाव और भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नर्सिंग ग्रेड-पे व वेतनमान की मांग पर नर्सिंग ऑफिसर्स करेंगे प्रदर्शन



कांकेर। नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन ने नर्सिंग कर्मचारियों के ग्रेड-पे एवं वेतनमान संबंधी प्रस्ताव को लागू कराने की मांग को लेकर आंदोलन की घोषणा की है। एसोसिएशन की जिला कांकेर इकाई की ओर से कांकेर मेडिकल कॉलेज के डीन को माँग पत्र सौंपकर जानकारी से अवगत कराया गया है। नर्सिंग कर्मचारियों द्वारा पिछले 14 वर्षों से नर्सिंग ग्रेड-पे एवं वेतनमान की मांग शासन-प्रशासन के समक्ष रखी जा रही है। एसोसिएशन अध्यक्ष प्रिया मरकाम का कहना है कि इस संबंध में आयुक्त शिक्षा कार्यालय द्वारा प्रस्ताव तैयार किया गया था, लेकिन लगभग नौ माह बीत जाने के बाद भी प्रस्ताव लागू नहीं किया गया है। एसोसिएशन ने प्रदेश स्तरीय अधिवेशन के दौरान आंदोलन का आव्हान किए जाने का भी उल्लेख किया है। जिला इकाई द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक स्थानीय चिकित्सालय में 6 एवं 7 अक्टूबर को काली पट्टी लगाकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके बाद 8 अक्टूबर को शाम करीब 4 बजे चिकित्सालय परिसर से घड़ी चौक तक स्कूटी रैली निकाली जाएगी। इस रैली में स्टाफ नर्स एवं नर्सिंग ऑफिसर्स शामिल होंगे। एसोसिएशन ने आगे बताया है कि 18 नवंबर को प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रस्तावित है। हड़ताल के दौरान मरीजों को होने वाली परेशानी की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

डूमरकोट ग्राम सभा में साइबर ठगी एवं कृषि योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत डूमरकोट में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जनपद सदस्य खेमिन कुरेटी की अध्यक्षता एवं ग्राम सभा प्रभारी प्रभा जुर्री तथा सरपंच दीपा गंगवंशी की उपस्थिति में आयोजित सभा की शुरुआत स्वच्छता की शपथ के साथ हुई। इसके बाद ग्राम सभा के एजेंडा पत्र में शामिल 28 विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और पंचायत सचिव द्वारा संबंधित विषयों की जानकारी दी गई।

ग्राम सभा में पुलिस विभाग की ओर से एसआई छत्रपाल सिंह साहू ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट और फर्जी लिंक के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने और किसी भी व्यक्ति के साथ बैंकिंग अथवा निजी जानकारी साझा नहीं करने की समझाइश दी। कृषि विभाग की ओर से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रवीण कवाची ने किसानों को विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कृषक उन्नति योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा



योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), एग्रीस्टैक एवं फार्मर आईडी के संबंध में जानकारी साझा की। इसके अलावा धान विक्रय के लिए नवीन पंजीयन, रकबा संशोधन एवं वारिसान पंजीयन की प्रक्रिया भी समझाई गई। कृषि अधिकारी ने किसानों को धान की फसल में लगने वाले विभिन्न कीट एवं रोगों की पहचान और उनके नियंत्रण के उपाय भी बताए। उन्होंने धान में बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट यानी जीवाणु झुलसा रोग के लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें पत्तियों के किनारे धीरे-धीरे पीले होकर सूखने लगते हैं और रोग बढ़ने पर पूरी पत्ती सूख सकती है। उन्होंने खेत में पानी का उचित प्रबंधन करने तथा नाइट्रोजन और यूरिया का संतुलित मात्रा में उपयोग करने की सलाह दी।

इसके अलावा धान में माहू एवं पेनिकल माइट जैसे कीटों के नियंत्रण के लिए कृषि विभाग द्वारा अनुशंसित दवाओं के उपयोग की जानकारी भी दी गई। किसानों से फसल में किसी भी प्रकार के रोग या कीट का प्रकोप दिखाई देने पर समय रहते कृषि विभाग से सलाह लेने की अपील की गई। ग्राम सभा में रामरतन कुरेटी, शेखर मंडावी, रामदास कुरेटी, दिनेश कुलदीप, जागेश्वरी बघेल, जोहरलाल टेकाम, कल्याण गोटा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

भैंसाकान्हर डू के सेवा संकल्प शिविर में हितग्राही योजनाओं से लाभन्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

विकासखंड के ग्राम पंचायत भैंसाकान्हर डू में सेवा संकल्प अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया। कार्यक्रम में आसपास के ग्रामों से ग्रामीण शामिल हुए।

शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इस दौरान एसडीएम अनिकेत अशोक फड़तरे, जनपद सीईओ प्रदीप पटेल, तहसीलदार कुलदीप ठाकुर, नायब तहसीलदार योगिता भेड़िया सहित



विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों में जिला पंचायत सदस्य झरना ध्रुव, जनपद अध्यक्ष निर्मला कावड़े, जनपद सदस्य खेमिन कुरेटी एवं तेजबत्ती शोरी सहित विभिन्न ग्रामों के सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कृषि विभाग की ओर से ग्राम भैंसाकान्हर डू के किसान सियाराम नंदर को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत 50 प्रतिशत अनुदान के रूप में 1.50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में उपस्थित किसानों को प्रधानमंत्री सॉइल हेल्थ कार्ड योजना के तहत मिट्टी जांच प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अधिकारियों ने किसानों को कृषि योजनाओं का लाभ लेने और मिट्टी की जांच के आधार पर फसल एवं उर्वरक प्रबंधन करने की जानकारी दी। मत्स्य विभाग की ओर से ग्राम बायनार के किसान रामुराम परचापी को मछली जॉली का वितरण किया गया। विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को मत्स्य पालन से जुड़ी योजनाओं और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी दी। शिविर में कृषि, मत्स्य एवं उद्यानिकी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से योजनाओं से संबंधित जानकारी ली तथा अपनी समस्याएं एवं मांगें भी रखीं।

तालाकुर्रा में दो दिनी रामधुनी प्रतियोगिता का समापन आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

ग्राम पंचायत तालाकुर्रा में शनिवार को भक्ति, श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के बीच दो दिवसीय राज्य स्तरीय रामधुनी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। आयोजन के दौरान भगवान श्रीराम के जयकारों और भक्ति संगीत से पूरा गांव राममय हो गया। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचने वाली रामधुनी मंडलियां अपनी भक्ति एवं कला की प्रस्तुति देंगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित द्विवेदी एवं ग्राम गायता देवनाथ नुरेटी के मार्गदर्शन में सरपंच विनोद रावटे, ग्राम पटेल जोगीराम नुरेटी, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष संजय जैन, उपाध्यक्ष कुलेश्वर मार्गीया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीरामचंद्र, माता सीता, भगवान भोलेनाथ एवं श्रीरामचरितमानस की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया गया। आयोजन में क्षेत्र, ग्रामवासियों और रामधुनी मंडलियों की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय भविष्य की कामना की गई। प्रतियोगिता की पहली प्रस्तुति संग संगवारी रामधुनी पार्टी, तांसी द्वारा दी गई। मंडली की भक्तिमय प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम स्थल पर देर तक भक्ति संगीत और रामधुनी की गूंज सुनाई देती रही। इस अवसर पर सरपंच विनोद रावटे ने कहा कि रामधुनी केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है।

भगवान श्रीराम के आदर्श समाज को सत्य, मर्यादा, त्याग, प्रेम और भाईचारे की प्रेरणा देते हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ ही आपसी सद्भाव और एकजुटता भी मजबूत होती है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीणों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि यह पूरे गांव का सामूहिक धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सव है। उन्होंने सभी रामधुनी मंडलियों, अतिथियों और श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए ग्रामीणों से आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम में पंचायत सचिव मुकेश खावार्य, धुर्वकुमार साहू, वरुण यदु, तुकाराम कुलदीप, सरजूराम जैन, मोहन नुरेटी सहित ग्रामीण, श्रद्धालु एवं रामभक्त उपस्थित रहे।

बीस साल पुरानी बदहाल सड़कों को ग्रामीणों ने पक्की बनाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

कापसी क्षेत्र में लंबे समय से जर्जर सड़कों की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। सड़कों की खराब स्थिति के कारण रोजाना आवागमन प्रभावित हो रहा है। स्कूली बच्चों, किसानों, मरीजों और अन्य ग्रामीणों को आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण, नवीन डामरीकरण और ग्रामीण मार्गों को पक्की एवं बारहमासी सड़क से जोड़ने की मांग उठाई है। अंतागढ़ विधायक विक्रम देव उसेंडी पखांजुर प्रवास के दौरान भाजपा कापसी मंडल अध्यक्ष अजय बाछाड़ ने विधायक को दो अलग-अलग ज्ञापन



सौंपे। ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्र की प्रमुख सड़कों का नवीन डामरीकरण कराने के साथ ही सात ग्रामीण मार्गों के निर्माण की मांग की गई है। ग्राम पीव्ही 07 छोटेकापसी में गाईन चौक से शांतिपारा तक करीब दो किमी. लंबी सड़क का निर्माण 20 वर्ष से अधिक समय पहले हुआ था। लंबे समय से मरम्मत और रखरखाव के अभाव में यह सड़क अब जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और खराब सतह के कारण वाहन चालकों तथा पैदल राहगीरों को परेशानी होती है। ज्ञापन में इस सड़क का नए सिरे से डामरीकरण कराने की मांग की गई है। इसके अलावा कापसी क्षेत्र के विभिन्न गांवों को जोड़ने वाले ग्रामीण मार्गों को पक्की सड़क से जोड़ने की मांग भी रखी गई है।

घटिया शेड निर्माण का विरोध, ठेकेदार को मौके से लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

विकासखंड के माध्यमिक शाला नागहूर में निर्माणाधीन प्रार्थना शेड की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताया। ग्रामीणों की शिकायत पर आरईएस विभाग के एसडीओ द्वारा किए गए निरीक्षण में शेड निर्माण निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं पाया गया। इसके बाद ग्राम पंचायत तराईघोटिया को निर्माणाधीन शेड को तोड़कर दोबारा निर्माण कराने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद निर्माण कार्य दोबारा शुरू किए जाने पर ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर विरोध किया और ठेकेदार को वापस लौटना पड़ा।

ग्रामीणों के अनुसार शेड निर्माण की गुणवत्ता को लेकर पहले ही जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल में शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद आरईएस विभाग के एसडीओ ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। जांच में निर्माण कार्य में गुणवत्ता



संबंधी कमियां पाए जाने की बात सामने आई। इसके बाद पंचायत को शेड तोड़कर निर्धारित मापदंड के अनुसार पुनः निर्माण कराने के निर्देश दिए गए।

ग्रामीणों का आरोप है कि शेड को तोड़ने के बजाय ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव द्वारा ठेकेदार को बुलाकर दोबारा बेस फ्लोरिंग की तैयारी शुरू करा दी गई। इसकी जानकारी मिलते ही नागहूर के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य का विरोध किया। आरईएस विभाग के एसडीओ देवेंद्र हठिले ने बताया कि ग्राम पंचायत तराईघोटिया को निर्माणाधीन टीना शेड को तोड़कर पुनः निर्माण कराने के लिए कहा गया है।

उन्होंने बताया कि जांच में निर्माण कार्य की गुणवत्ता निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं पाई गई थी। एसडीओ के अनुसार पंचायत द्वारा बिना जानकारी दिए दोबारा कार्य शुरू कराया जा रहा था। उन्होंने स्पष्ट किया कि शेड को तोड़कर ही नियमानुसार पुनः निर्माण करना होगा।

कोयलीबेड़ा आदिवासी समाज ने मनाया गायता जौहारनी पर्व

कोयलीबेड़ा। ग्राम पंचायत केसेकोड़ी के आश्रित ग्राम बड़पारा में आदिवासी समाज द्वारा पारंपरिक गायता जौहारनी पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने एकजुट होकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार देवी-देवताओं एवं गायता की पूजा-अर्चना की और गांव, क्षेत्र तथा समाज की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। समाज के गायता, पुजारी एवं वरिष्ठजनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा संपन्न कराई। पर्व में महिला, पुरुष और युवा शामिल हुए। समाज के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर अपनी सांस्कृतिक परंपराओं का प्रदर्शन किया। इस दौरान पारंपरिक गीत-संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना दिया।

गांधी-शास्त्री जयंती पर रासेयो ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के तत्वाधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर सहित मंडी परिसर एवं बाजार क्षेत्र में साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने परिसर में बिखरे कचरे को एकत्रित कर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से अपने घर, गली, मोहल्ले और आसपास के सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने की अपील की। स्वयंसेवकों ने कहा



कि स्वच्छता केवल किसी विशेष दिवस तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे दैनिक जीवन की आदत और जिम्मेदारी के रूप में अपनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के संबंध में भी जानकारी दी गई। स्वयंसेवकों ने बताया कि महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2014 को देशव्यापी स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की गई थी। अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छ वातावरण के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सतीश प्रसाद नेताम, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भूपेन्द्र कुमार सिन्हा, व्याख्याता जितेंद्र प्रसाद तिवारी, मोना देवांगन, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी मुस्तकीम अंसारी, मुन्नी शोरी सहित एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

पेज 07 के शेष

भारतीय संस्कृति ज्ञान...

पर संवाद एवं रचनात्मक गतिविधियां संचालित की जाती हैं। वर्तमान समय में किशोरों और युवाओं के सामने नशे की प्रवृत्ति, तनाव, नकारात्मकता और भटकाव जैसी चुनौतियां हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को संस्कार, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच से जोड़ना इस अभियान का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने परीक्षा के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले विद्यालय-महाविद्यालय प्रबंधन, परीक्षा केंद्र प्रभारियों, निरीक्षकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों, अभिभावकों और सहयोगी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की बड़ी सहभागिता इस बात का संकेत है कि उचित मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण मिलने पर युवा समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

सुरक्षा कर्मियों से...

के एक हॉटल में काम कर रहे सुरक्षाकर्मियों को बुलाया और उनसे कहा कि हमारी कंपनी को काम मिला है और उसे कंटीन्यू करने के लिए आप सभी को दो दिन के अंदर 15 हजार रूपए जमा करना पड़ेगा और यह राशि जमा नहीं करने वालों को नौकरी से निकाल दिया जाएगा। उपाध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि ब्रांच संयोगज एक ऐसे बाहरी व्यक्ति को भी साथ लाया गया, जो कंपनी में कार्यरत नहीं है। कर्मचारियों का कहना है कि कंपनी में इस तरह की कोई राशि जमा करने का नियम नहीं है। घटना के बाद सुरक्षाकर्मियों ने अधिष्ठाता एवं अस्पताल अधीक्षक को इसकी जानकारी देते हुए शिकायत किया। कर्मचारियों ने पूरे मामले की जांच कराने और उन्हें किसी प्रकार के दबाव से मुक्त रखने की मांग किया है।

फुटू खोजने जाने...

रौनूराम नरेटी ने शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी दी और बांस के डंडे से उसके सिर के दाहिने हिस्से पर वार कर दिया और दूसरा आरोपी मनेश पुड़ो हाथ-मुक्का से मारपीट किया। डंडे से चोट लगने के बाद शिकायतकर्ता के सिर से खून निकलने लगा। घटना के बाद शिकायतकर्ता ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दुर्गूकोंदल पुलिस ने रौनूराम नरेटी और मनेश पुड़ो के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2) एवं 351(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

पुरुषोत्तमनगर में सेवा संकल्प अभियान महिलाओं ने खेलकूद में दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

पुरुषोत्तमनगर पीव्ही 40-41 में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा, आंगनबाड़ी सम्मान एवं मातृ सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 27 आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सेवा कार्यों का सम्मान करने के साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाना रहा। इस दौरान पोषण आहार, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, एनीमिया मुक्त भारत तथा कुपोषण से बचाव सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान



सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। कुर्सी दौड़, मटकी फोड़, सुई-धागा और दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी उपस्थित रहे। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने में इन कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस अवसर पर सरपंच दीपा दास, प्रेम दास, पंचायत सचिव तपन बिस्वास, नगर पंचायत से शंकर सरकार, मोनिका साहा, स्वपन तरफदार, गणेश साहा, दीप्ति साहा, राजेश नायर सहित पंचायत के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। महिला एवं बाल विकास विभाग से रितु पटेल, सम्मित बिस्वास, शेखर नाग तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं मितानिनें भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। पंचायत की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं रिचा मंडल, सुष्मिता मंडल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों को सम्मानित किया गया।



एकलव्य विद्यालय भंडारडिगी में गांधी-शास्त्री जयंती मनाई

दुर्गूकोंदल। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भंडारडिगी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, विचारों एवं देश के प्रति योगदान पर आधारित भाषण और कविताएं प्रस्तुत कीं।

विद्यार्थियों ने गांधीजी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता के संदेश तथा शास्त्रीजी के सादगीपूर्ण जीवन और राष्ट्रसेवा के विचारों को अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से सामने रखा। जयंती के अवसर पर विद्यालय परिसर से स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इसके बाद विद्यालय एवं छात्रावास परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर परिसर की साफ-सफाई की तथा स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया।

खबर संक्षेप

खेलते-खेलते पानी में डूबे 7 वर्षीय बालक की मौत

फरसगांव। थाना क्षेत्र के ग्राम बैलांगांव में शनिवार सुबह घर के पास खेल रहा 7 वर्षीय कार्तिक मरकाम खेलते-खेलते मुर्गुम गड्ढा में डूब गया। काफी देर तक कार्तिक के दिखाई नहीं देने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान पानी के पास उसके पैरों के निशान मिले, जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से गड्ढा में खोजबीन की गई। काफी मशक्कत के बाद कार्तिक का शव पानी से बरामद किया गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्रवाई के बाद मर्ग कायम कर मृतक बालक के शव का पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया गया है। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया।

रांधना मोड़ पर बिखरी रेत से हादसा, चार घायल



फरसगांव। नेशनल हाईवे-30 पर फरसगांव बस स्टैंड के पास रांधना मोड़ में शनिवार सुबह करीब 8.30 बजे सड़क हादसे में चार लोग घायल हो गए। कोंडागांव की ओर मुड़ते समय सड़क पर बिखरी रेत के कारण बाइक सवार दंपति अनियंत्रित होकर गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रही दूसरी बाइक रायपुर से जगदलपुर जा रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में बोरई निवासी डकेश कोसरिया व किशोर भोई तथा सोनाबेडा निवासी जीवन पांडे और उनकी पत्नी निर्मला पांडे घायल हुए। सभी को उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल डकेश कोसरिया और किशोर भोई को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

फसल सुरक्षा के साथ महिला किसानों को आगे बढ़ाना जरूरी : लता उसेंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सम्मान समारोह में विधायक लता उसेंडी हुईं शामिल

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को फसल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और योजना में उनकी सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कोण्डागांव में सम्मान समारोह एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष 2026 आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान विधायक लता उसेंडी ने किसानों की फसल सुरक्षा और कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में महिला कृषि सखियों एवं महिला कृषकों को सम्मानित कर कृषि क्षेत्र में उनके योगदान को प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं से जुड़कर प्राकृतिक आपदाओं एवं अन्य जोखिमों से फसल को होने वाले नुकसान से सुरक्षा प्राप्त करने के लिए जागरूक किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।कार्यक्रम में ग्राम बड़ेकनेरा के किसान कोमल राम पटेल को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में लगातार सहभागिता के लिए 'चौंपियन फार्मर' के रूप में सम्मानित किया गया। उन्हें उपहार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर योजना के प्रति उनकी निरंतर सहभागिता की सराहना की गई। इस अवसर पर जिले की महिला कृषि सखियों एवं महिला कृषकों को भी उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष दीपेश अरोरा, मनोज जैन, जितेन्द्र सुराना, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनिता कोर्राम, कुलवंत सिंह चहल, गोपाल दीक्षित, अश्वनी पाण्डे, संतोष पात्रे, लक्ष्मी ध्रुव, ललित देवांगन, टेबल टेनिस संघ कोण्डागांव के अध्यक्ष आर.के. जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान अपर कलेक्टर अजय उरांव, तहसीलदार मनोज रावटे, सिविल सर्जन डॉ. पी.एल. मण्डावी, जनपद पंचायत सीईओ उत्तम महोबिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी भी मौजूद थे।

मर्दापाल के सेवा सेतु शिविर में वन मंत्री ने ग्रामीणों से किया संवाद, विभिन्न योजनाओं का दिलाया लाभ

सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शनिवार को मर्दापाल में सेवा सेतु अभियान के तहत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वन मंत्री केदार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर शासन की योजनाओं की जानकारी ली।

वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पात्र हितग्राही किसी भी योजना के लाभ से वंचित न रहें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा संकल्प अभियान के तहत इस तरह के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने के साथ उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।

मंत्री श्री कश्यप ने ग्रामीणों की आय बढ़ाने के लिए दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन एवं सहकारी समितियों से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की आवश्यकता बताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों को इन गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

वन मंत्री ने ग्रामीणों को अपने घरों एवं आसपास फलदार पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ परिवारों की आय बढ़ाने के अवसर भी उपलब्ध हो सकते हैं।

शिविर में राजस्व विभाग द्वारा 9 हितग्राहियों को बी–1, खसरा एवं स्वामित्व संबंधी दस्तावेज, शिक्षा विभाग द्वारा 12 जाति प्रमाण पत्र तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 महिलाओं की गोद भराई कराई गई।

मत्स्य विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को जाल, श्रम विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को मिनीमाता जतन योजना का लाभ, समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को सहायक उपकरण तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 7 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। उद्यानिकी एवं वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को फलदार एवं अन्य प्रजातियों के पौधों का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामदई नाग, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, प्रेम सिंह नाग, सरपंच जयमती कश्यप सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। डिप्टी कलेक्टर किशोर शर्मा, तहसीलदार विजय सिंह, जनपद पंचायत सीईओ उत्तम महोबिया, विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी शिविर में शामिल हुए।

राज्य स्तरीय टेबल टेनिस स्पर्धा में सिमरन बनीं सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी



कोण्डागांव। गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव के तीन विद्यार्थी खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में सिमरन ठाकुर, दिलेश्वर देवांगन एवं रोशन गुप्ता ने उत्तर बस्तर कांकेर सेक्टर का प्रतिनिधित्व किया।

- गुण्डाधुर महाविद्यालय के तीन खिलाड़ियों ने उत्तर बस्तर कांकेर सेक्टर का किया प्रतिनिधित्व

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 29 एवं 30 सितंबर को छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर में किया गया। प्रतियोगिता में सिमरन ठाकुर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का गौरव हासिल किया।

महाविद्यालय के खिलाड़ी दिलेश्वर देवांगन एवं रोशन गुप्ता ने भी उत्तर बस्तर कांकेर सेक्टर की ओर से प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तीनों विद्यार्थियों का सेक्टर का प्रतिनिधित्व करना महाविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि रही।

प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम ने तीनों खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने पर जोर – महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एच. आर. यदु ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा विद्यार्थियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

गांधी जयंती पर दौड़े युवा, मैराथन में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

गांधी जयंती पर केशकाल घाटी नीचे स्थित ग्राम सालेभाट स्थित शहीद वीर गुंडाधुर युवा विकास केंद्र में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। समर्थन संस्था के सहयोग से संचालित इस मैराथन में 200 से अधिक युवक-युवतियों ने भाग लिया। युवाओं में खेल के प्रति रुचि, आत्मविश्वास, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित दौड़ में बालकों के लिए 10 किलोमीटर तथा बालिकाओं के लिए 5 किलोमीटर की मैराथन रखी गई। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ दौड़ में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर कोच भावेश सलाम ने युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा अपनी प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने के लिए प्रेरित किया। रमेश निषाद ने गांधीजी के अहिंसा के संदेश का उल्लेख करते हुए युवाओं से शांति, सद्भाव और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ नशामुक्त बस्तर के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में सरपंच अंजू तुलैश नेताम, प्रीत राम मरकाम, निर्मल मंडावी, संजय मंडावी, प्राचार्य सी.एल. यादव, प्रेम सिंह नेताम एवं चरण नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, शिक्षक और युवा मौजूद रहे।

खेल व व्यक्तित्व विकास का मंच

शहीद वीर गुंडाधुर युवा विकास केंद्र के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को खेल, शारीरिक दक्षता, प्रतियोगी परीक्षाओं और व्यक्तित्व विकास के लिए अवसर एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। मैराथन जैसे आयोजनों के जरिए युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सकारात्मक सोच विकसित करने के साथ उन्हें समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

जैतपुरी में एनएसएस स्वयंसेवकों ने निकाली नशामुक्ति रैली

कोण्डागांव। महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य राजेश पांडेय के मार्गदर्शन में एनएसएस स्वयंसेवकों और स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा ग्राम जैतपुरी में नशामुक्त विद्यालय, नशामुक्त समाज विषय पर एक जन–जागरूकता रैली निकाली गई। एनएसएस स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का सामूहिक गान किया। रैली रवाना होने से पूर्व कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को जीवन भर हर प्रकार के व्यसन से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। हरी झंडी दिखाए जाने के बाद रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर ग्राम के विभिन्न मार्गों, मुख्य चौक तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरी। रैली में शामिल विद्यार्थी हाथों में नशामुक्ति के संदेश लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। स्वयंसेवकों ने बापू का था एक ही सपना, नशामुक्त हो देश अपना और एनएसएस का है यही पैगाम, नशामुक्त हो जैतपुरी ग्रामष जैसे गगनभेदी नारों से पूरे गांव में अलख जगाई। रैली जब जैतपुरी के मुख्य चौक पर पहुंची, तब एनएसएस के छात्र–छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस नाटक के माध्यम से छत्तीसगढ़ी और हिंदी भाषा में नशे के कारण बर्बाद होते परिवारों, आर्थिक तंगी और युवाओं के भविष्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को जीवंत रूप में दिखाया गया, जिसे देखकर वहां उपस्थित ग्रामीण भावुक हो उठे और उन्होंने तालियां बजाकर बच्चों के इस प्रयास की सराहना की। रैली की वापसी पर विद्यालय परिसर में एक समापन सभा का आयोजन किया गया। सभा में कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज्य की परिकल्पना तभी साकार हो सकती है, जब हमारा समाज पूरी तरह से व्यसनमुक्त और स्वच्छ होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा और खेलकूद से नाता जोड़ें और नशे जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से उखाड़ फेंके।

गांधी जयंती पर अंतागढ़ के सोड़े व हिन्दूबिनापाल में हुए कार्यक्रम

अंतागढ़। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विकासखंड अंतागढ़ की ग्राम पंचायत हिन्दूबिनापाल के ग्राम सोड़े एवं हिन्दूबिनापाल में सेवा संकल्प अभियान के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद ग्रामीणों ने स्वच्छता अभियान चलाकर गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

ग्राम सोड़े में सुबह 8 बजे बिदिया केतुल लाइब्रेरी परिसर के सामने ग्रामीणों द्वारा साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इसके बाद लाइब्रेरी परिसर में ग्राम सभा की बैठक आयोजित हुई। सरपंच सनबती आचला ने ग्रामीणों को ग्राम में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी गईं तथा उनके निराकरण के लिए आवश्यक पहल का भरोसा दिलाया गया। वहीं ग्राम पंचायत हिन्दूबिनापाल में दोपहर को आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत के अधिकारियों एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। जनपद पंचायत के अधिकारियों ने जीरामजी योजना के तहत रोजगार सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों, महिलाओं एवं युवाओं को नशामुक्ति, साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा, यातायात नियमों और ग्राम में शांति व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने सेवा, सुरक्षा, रोजगार, कुपोषण से मुक्ति और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए महात्मा गांधी के आदर्शों के अनुरूप स्वच्छ, स्वस्थ एवं जागरूक ग्राम बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाएं, महिला समूहों की सदस्य, युवा, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गांव के सियान उपस्थित रहे।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

केवटीनटोला में सेवा संकल्प के तहत हुआ आंगन मिलन कार्यक्रम



कोरर। ग्राम पंचायत केवटीनटोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, शिशुवती एवं धात्री माताओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाना रहा।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं ग्रामीणों को केंद्र और राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया एवं आवश्यक जानकारी से अवगत कराया गया। वहीं गर्भवती एवं धात्री माताओं के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार के महत्व पर चर्चा करते हुए बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए नियमित पौष्टिक भोजन, समय पर स्वास्थ्य जांच और स्वच्छ वातावरण की आवश्यकता बताई गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ घर एवं आसपास के वातावरण को साफ रखने, स्वच्छ पेयजल का उपयोग करने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की। इस दौरान तिरंगा भोजन के महत्व की जानकारी देते हुए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध विभिन्न पौष्टिक खाद्य पदार्थों को भोजन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। माताओं को बच्चों की उम्र के अनुसार उचित एवं विविधतापूर्ण आहार देने की जानकारी भी दी गई।

ग्रामीणों की मांग पूरी, सार्वजनिक आयोजनों में मिलेगा पेयजल

दुर्गूकोंदल। भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी की पहल पर विकासखंड दुर्गूकोंदल की ग्राम पंचायत ओटेकसा एवं चाउरगांव को पेयजल आपूर्ति के लिए पानी टैंकर प्रदान किए गए। लंबे समय से चली आ रही ग्रामीणों की मांग पूरी होने पर दोनों ग्राम पंचायतों के लोगों ने खुशी जताई। टैंकर उपलब्ध होने से गांव में आयोजित होने वाले विभिन्न सामाजिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों में पेयजल व्यवस्था में सुविधा मिलने की उम्मीद है।

ग्रामीणों ने सार्वजनिक आयोजनों सहित अन्य आवश्यक अवसरों पर पानी की व्यवस्था के लिए टैंकर उपलब्ध कराने की मांग की थी। ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए विधायक सावित्री मंडावी ने दोनों ग्राम पंचायतों के लिए पानी टैंकर उपलब्ध कराने की पहल की। टैंकर प्रदाय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों की आवश्यकताओं और समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए ओटेकसा एवं चाउरगांव को पानी टैंकर प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि टैंकरों का उपयोग ग्रामवासियों की आवश्यकता के अनुसार सार्वजनिक एवं सामाजिक आयोजनों में किया जा सकेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के अध्यक्ष गोपी बढ़ाई रहे, जबकि अध्यक्षता निलेश बढ़ाई ने की।



खबर संक्षेप



टाइपिंग टेस्ट एवं कुर्सी दौड़ में दिखाया उत्साह

कांकेर। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर माय भारत कांकेर के तत्वावधान में युवा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान टाइपिंग टेस्ट, कुर्सी दौड़ और बॉटल शूटिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें युवाओं ने उत्साह से भाग लिया। विजेताओं को मोमेंटो, ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के विचारों, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति युवाओं को जागरूक किया गया। संचालन वॉलंटियर्स अंकिता साहू व भावेश साहू ने किया।

सड़क हादसे में 66 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

कांकेर। कोड़ुकुर्से थाना क्षेत्र में कोटरी नदी पुल के पास सड़क हादसे में 66 वर्षीय मंगलू राम पुड़ो की मौत हो गई। पुलिस जांच में सामने आया कि साप्ताहिक बाजार से लौटते समय पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 08 बीजी 3983 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दुर्घटना कर दी। गंभीर चोट लगने पर मंगलू राम को रायपुर के डीकेएस अस्पताल ले जाया गया, जहां दोपहर को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की।

अज्ञात की सड़क दुर्घटना में मौत

कांकेर। ताड़ोकी थानांतर्गत चिहरीपारा सरण्डी में अज्ञात व्यक्ति का सड़क दुर्घटना में मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। गंभीर चोट आने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो का संदेश लेकर हाटकोंदल में निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत सेजस हाटकोंदल में सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटकोंदल में नशामुक्ति को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों ने नशामुक्ति जागरूकता रैली, सामूहिक फिटनेस एवं खेल गतिविधियों, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, शपथ ग्रहण और पोस्टर प्रदर्शन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं ने हाथों में नशामुक्ति से संबंधित पोस्टर और संदेश लेकर विद्यालय परिसर से जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से ग्रामीणों एवं आम नागरिकों को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो, नशामुक्त भारत हमारा संकल्प औरनशामुक्त युवा, राष्ट्र की शक्ति



जैसे नारों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

रैली के दौरान विद्यार्थियों ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, गांव और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। पोस्टर प्रदर्शन के जरिए नशे के दुष्परिणामों के साथ स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को भी दर्शाया गया। वहीं सामूहिक फिटनेस और खेल गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को शारीरिक रूप से सक्रिय एवं स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इसमें उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सुनीता बघेल, कमलेश मारापी, सीआर ठाकुर, टीएल जैन, जे नूरूटी, जीआर दरेंद्र, सावित्री नरेटी, एचएल ठाकुर एवं एल चंद्राकर सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

चित्रकला में सपनों का भारत व भाषण में विकसित भारत की छात्रों ने तस्वीर बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

किसी ने अपने सपनों के भारत में आधुनिक तकनीक और शिक्षा को जगह दी, तो किसी ने स्वच्छ, आत्मनिर्भर और संस्कारवान राष्ट्र की तस्वीर उकेरी। किसी ने अपने भाषण के जरिए देश के भविष्य की कल्पना शब्दों में रखी। 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर आयोजित जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने तथा शिक्षा, अनुशासन, संस्कार और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी प्रतिभा और मेहनत के माध्यम से परिवार, समाज एवं जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने सपनों को

मेरे सपनों का भारत में बच्चों ने भरे कल्पना के रंग, भाषण से दिखाया विकसित भारत का सपना



लक्ष्य बनाकर निरंतर प्रयास करें और विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। कलेक्टर कुंदन कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय तेजी से बदल रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित नई तकनीकें शिक्षा और कार्य के क्षेत्र में नए अवसर उपलब्ध करा रही हैं।

प्रतियोगिता में यह रहे विजयी

जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता में भाषण प्रतियोगिता प्राथमिक / माध्यमिक वर्ग में प्रथम जागृति साहू कांकेर, मा.शा. कोदागांव, द्वितीय अबिदा नूरी कांकेर, सेजेस नरहरदेव कांकेर, तृतीय नमन पुडो कोयलीबेड़ा, बालक आश्रम घोड़ागांव, भाषण हाई/हायर सेकेंडरी वर्ग में प्रथम अंकिता अदिति साहू कांकेर, प्रयास आवासीय विद्यालय, द्वितीय करिश्मा पटेल भानुप्रतापपुर, शाउमावि भेजा, तृतीयः तूफान पोटाई अंतागढ़, उ.मा.वि. ताड़ोकी और चित्रकला प्राथमिक/माध्यमिक वर्ग में प्रथम कृतिशी धाली कोयलीबेड़ा, मा.शा. ज्ञानामृत पानावार, द्वितीय कनिष्क जैन भानुप्रतापपुर, मा.शा. सेलेगांव, तृतीय इशिका भुआर्य दुर्गूकोंदल, माशा साधुमिचगांव, चित्रकला हाई/हायर सेकेंडरी वर्ग में प्रथम रुचि यादव कांकेर, शा. कन्या उमावि कांकेर, द्वितीय गुलशन कुंजाम भानुप्रतापपुर, शाउमावि सेलेगांव, तृतीय जस्मीत कौर भानुप्रतापपुर, सेजेस रहे।

सातों विकासखंडों में व्यापक सहभागिता

प्रतियोगिता की शुरुआत विद्यालय स्तर से हुई। इसके बाद विकासखंड स्तर पर प्रतिभागियों का चयन किया गया और चयनित विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, चारामा, दुर्गूकोंदल, कांकेर, कोयलीबेड़ा और नरहरपुर सहित जिले के सातों विकासखंडों में प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियां आयोजित की गईं।

कार्यक्रम में रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजू गोपाल साहू, पार्षदगण, योगश साहू, विजय लक्ष्मी कौशिक के अलावा अधिकारियों में जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, डीएमसी नवनीत पटेल, सभी विकासखंड के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

वन विभाग ने सरोना हाट बाजार में वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

वन्य प्राणी सुरक्षा सप्ताह के तहत वन परिक्षेत्र सरोना के वन विभाग द्वारा हाट बाजार में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान वन विभाग की टीम ने बाजार में पहुंचे लोगों को वन्य जीवों से सुरक्षा और सावधानी बरतने की जानकारी दी। वन विभाग ने लोगों से वन्य जीवों से दूरी बनाए रखनें और रात के समय बिना टॉर्च के घर से बाहर न निकलें की अपील किया। भालू, तेंदुआ या कोई अन्य वन्य प्राणी दिखाई देने पर उसके करीब जाने या



उसे छेड़ने के बजाय तत्काल वन विभाग को जानकारी जरूर दें। जागरूकता अभियान के दौरान तेंदुआ और भालू की वेशभूषा में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को वन्य जीवों से सुरक्षित रहने का संदेश दिया गया।

नुक्कड़ नाटक के जरिए ग्रामीणों को बताया गया कि वन्य जीवों के सामने आने पर घबराएं नहीं, बल्कि सुरक्षित दूरी बनाए रखें और इसकी सूचना वन विभाग को दें। गौरतलब है कि सरोना क्षेत्र के कई इलाकों में इन दिनों भालू और तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ऐसे में वन विभाग द्वारा लोगों को सतर्क रहने और वन्य जीवों के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं करने की समझाइश दी जा रही है।

राउरवाही स्कूल में जनपद सदस्य ने किया वाटर कूलर का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल के संकुल केंद्र आमाकड़ा अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय राउरवाही में विद्यार्थियों को स्वच्छ, शीतल एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की गई है। जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 04 पीलम नरेटी



की जनपद सदस्य निधि से विद्यालय में स्थापित आरओ वाटर कूलर का विधिवत लोकार्पण किया गया। सुविधा शुरू होने से विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अब शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। लोकार्पण कार्यक्रम में जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने फीता काटकर आरओ वाटर कूलर का शुभारंभ किया।

देरानी ने जेठानी पर गाली-गलौज व मारपीट करने का लगया आरोप

कांकेर। थाना कोरर क्षेत्र के ग्राम मैनपुर में घरेलू विवाद के दौरान महिला से गाली-गलौज, मारपीट और गला दबाकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।



थाना कोरर में शिकायत करने पहुंचे ग्राम मैनपुर निवासी 38 वर्षीय साधना देवी शोरी पति स्व. प्रीतम शोरी ने 3 अक्टूबर को लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने बताया कि वह सुबह करीब 8 बजे अपने घर में निजी कार्य कर रही थीं। इसी दौरान उनकी जेठानी 44 वर्षीय बसंती मंडावी पति विनोद मंडावी उनके घर पहुंचीं। पीड़िता का आरोप है कि बसंती मंडावी ने गांव में किसी के साथ आने-जाने की बात को लेकर विवाद शुरू किया और उन्हें अपशब्द कहे। इसके बाद हाथ-थप्पड़ से मारपीट करने के साथ उनका गला दबा दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। गला दबाने के कारण उन्हें सांस लेने में परेशानी हुई और गले में दर्द होने लगा।

किसान संघ का दाम सत्याग्रह अभियान कल होगा रायपुर में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा

धान के समर्थन मूल्य में केंद्र सरकार द्वारा की गई वृद्धि का लाभ किसानों को दिलाने और लंबित किसान हितैषी मांगों को लेकर प्रदेश किसान संघ ने दाम सत्याग्रह अभियान तेज कर दिया है। इसी सिलसिले में प्रदेश किसान संघ की टीम कोयलीबेड़ा पहुंची, जहां किसान नेताओं और ग्रामीणों के साथ स्थानीय समस्याओं तथा संगठन की पांच सूत्रीय मांगों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

प्रदेश किसान संघ का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा हर वर्ष धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि की जाती है, लेकिन छत्तीसगढ़ में धान उपार्जन के दौरान किसानों को बढ़े हुए समर्थन मूल्य का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। संघ ने समर्थन मूल्य वृद्धि का लाभ किसानों को दिलाने तथा पिछले वर्षों की बकाया राशि की भरपाई की मांग उठाई है। संघ के अनुसार खरीफ वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य में 117 रुपए, 2025-26 में 69 रुपए तथा 2026-27 में 72 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई है। कोयलीबेड़ा में आयोजित चर्चा में प्रदेश किसान संघ के संयोजक सुदेश टीकम, किसान नेता चंदू साहू एवं महादेव साहू के साथ सहदेव उसेंडी, बसंत ध्रुव, लकेश्वर ध्रुव, लच्छन ध्रुव, आलपरस से राजनाथ पोटाई, अनिल आंचला, विमल आंचला सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

5 अक्टूबर को रायपुर में जुटेंगे किसान

प्रदेश किसान संघ की प्रमुख मांगों में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की बकाया चौथी किस्त का भुगतान और समर्थन मूल्य गारंटी कानून लागू करना शामिल है। इन पांच सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर के किसान 5 अक्टूबर को रायपुर में गांधीजी की प्रतिमा के सामने एकत्र होकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वाशिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्ष्मी ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740

मित्तल हॉस्पिटल
त्वरित, सरल और कैशलेस सुविधा द्वारा
आयुष्मान योजना के अंतर्गत
नि:शुल्क डायलिसिस
Dr Abhishek Tiwari
DrNB (Nephrology)
पूर्णकालिक सेवा उपलब्ध
अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें
अनुभवी नेफ्रोलॉजिस्ट द्वारा देखभाल
होली क्रास स्कूल के सामने, अवंति बाई चौक, पंडरी, रायपुर
फोन: 93430 79151, 91313 99570
Deepak Ad./119/1

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, प्रयागपुर, सहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
40 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकापीठ, श्री द्वारकागेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि - स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411